NT>
Title: Need for construction of by-pass on National Highway no.27 in Rewa, Madhya Pradesh.

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा): उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन का ध्यान आपके माध्यम से नेशनल हाईवे संख्या २७ की ओर दिलाना चाहता हूं। यह सड़क रीवा क्षेत्र के मध्य से होकर गुजरती है। इस सड़क पर बाईपास प्रस्तावित है। मध्य प्रदेश सरकार के अड़ंगेबाजी की वजह से इस नेशनल हाईवे पर बाईपास नहीं बन पा रहा है। इस सड़क से सौ गज की दूरी पर ठाकुर रणमतसिंह महाविद्यालय और मार्तण्ड स्कूल तथा दर्जनों हायरसैकेन्ड्री स्कूल हैं। इस वजह से इस सड़क पर आए दिन दुर्घटनायें हो रही हैं। मेरी आपसे प्रार्थना है कि इस नेशनल हाईवे पर बाईपास बनाया जाए। पहले यह व्यवस्था थी की महाविद्यालय खुलने और बन्द होने के समय भारी वाहन के आवागमन पर रोक लगा दी जाती थी, लेकिन अब यह व्यवस्था कायम नहीं है, जिसकी वजह से दो-तीन छात्रों की मौतें आए दिन हो रही हैं। मेरा आपके माध्यम से सरकार के निवेदन हैं कि इस नेशनल हाईवे पर बाईपास बनाने के लिए सरकार तुरन्त ध्यान दे।